# भारतीय बैंक : महत्वपूर्ण तथ्य

| बैंक | स्थापना | मुख्यालय | टैगलाईन | चेयरमैन/एमडी/सीईओ |
|---|---|---|---|---|
| • भारतीय रिजर्व बैंक | 1935 | मुम्बई | - | गवर्नर-शक्तिकांत दास |
| • भारतीय स्टेट बैंक | 1955 | मुम्बई | 'The Banker to Every Indian', 'With You All the Way', 'Pure banking nothing else' | अध्यक्ष-रजनीश कुमार<br>सीएफओ-प्रशांत कुमार |
| • इलाहाबाद बैंक | 1865 | कोलकाता | A Tradition of Trust | एस. एस. मल्लिकार्जुन राव |
| • आंध्रा बैंक | 1923 | हैदराबाद | Where India Banks | जे. पीकरीसामी |
| • बैंक ऑफ बड़ौदा | 1908 | वडोदरा | India's International Bank | पी. एस. जयकुमार |
| • बैंक ऑफ इंडिया | 1906 | मुम्बई | Relationship Beyond Banking | दीनबंधु मोहपात्रा |
| • बैंक ऑफ महाराष्ट्र | 1935 | पुणे | One Family One Bank | ए. एस. राजीव |
| • केनरा बैंक | 1906 | बेंगलुरू | Together We Can | आर. ए. शंकर नारायण |
| • सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया | 1911 | मुम्बई | Central to You Since 1911 | पल्लव मोहपात्रा |
| • कॉर्पोरेशन बैंक | 1906 | मैंगलोर | Prosperity for All | पी. वी. भारती |
| • आईडीबीआई बैंक | 1964 | मुम्बई | Banking for All, "Aao Sochein Bada" | राकेश शर्मा |
| • इंडियन बैंक | 1907 | चेन्नई | Your Own Bank | पद्मजा चुन्द्रु |
| • इंडियन ओवरसीज बैंक | 1937 | चेन्नई | Good People to Grow With | कर्णम सेकर |
| • ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स | 1943 | गुरूग्राम | Where Every Individual is Committed | मुकेश कुमार जैन |
| • पंजाब नेशनल बैंक | 1894 | नई दिल्ली | The Name You Can Bank Upon | एस. एस. मल्लिकार्जुन राव |
| • पंजाब एंड सिंध बैंक | 1908 | नई दिल्ली | Where Service is a way of Life | एस. हरिशंकर |
| • सिंडिकेट बैंक | 1925 | कर्नाटक | Your Faithful and Friendly Financial Partner | मृत्युंजय महापात्रा |
| • यूको बैंक | 1943 | कोलकाता | Honours Your Trust | अतुल कुमार गोयल |
| • यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 1919 | मुम्बई | Good People to Bank With | राजकिरण राय जी |
| • यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया | 1950 | कोलकाता | The Bank that begins with 'U' | अशोक कुमार प्रधान |
| • एक्सिस बैंक | 2007 | मुम्बई | Badhti Ka Naam Zindgi | अमिताभ चौधरी |
| • आईसीआईसीआई बैंक | 1955 | मुम्बई | Hume hai na, Khayal Apka | संदीप बक्शी |
| • एचडीएफसी बैंक | 1994 | मुम्बई | We Understand Your World Indeed | आदित्य पुरी |
| • आईडीएफसी बैंक | 2015 | मुम्बई | Banking Hatke | राजीव बी. लाल |
| • कोटेक महिन्द्रा बैंक | 2003 | मुम्बई | Let's Make Money Simple | उदय कोटक |
| • एचएसबीसी बैंक (इंडिया) | 1853 | लंदन | The World's local bank | सुरेन्द्र रोशा |
| • इंडसइंड बैंक | 1994 | मुम्बई | We care dil se; We make you feel richer | सुमन कथपालिया |
| • यश बैंक | 2004 | मुम्बई | Experience Our Expertise | अनीता पाई |
| • इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक | 2018 | नई दिल्ली | Aapka Bank, Aapke Dwaar | सुरेश सेठी |
| • बंधन बैंक | 2015 | कोलकाता | Aapka Bhala, Sabaki Bhalai | चंद्रशंखर घोष |



Scanned by CamScanner

# नीति आयोग एवं जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर)

## नीति आयोग

- नीति आयोग भारत सरकार द्वारा **1 जनवरी, 2015** को गठित एक नई संस्थान है जिसे **योजना आयोग** के स्थान पर बनाया गया है।
- योजना आयोग के स्थान पर नई संस्था लाने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने **15 अगस्त, 2014** को लाल किले से अपने संबोधन में की थी।
- नीति आयोग एक **गैर संवैधानिक** निकाय है।
- **नीति आयोग** का पूर्ण रूप 'राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान' (NITI-National Institution for Transforming India) है।
- नीति आयोग (मुख्यालय-दिल्ली) भारत सरकार का **थिंक टैंक** है।
- नीति आयोग योजना आयोग की तरह कोई **वित्तीय आवंटन** नहीं करता है।
- नीति आयोग का **प्राथमिक कार्य**, सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों पर सरकार को सलाह देने का है ताकि सरकार ऐसी योजना का निर्माण करे जो लोगों के हित में हो।
- नीति आयोग के लिए **13 सूत्री** उद्देश्य रखे गये है।
- नीति आयोग की **संरचना** में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सीईओ (CEO), पूर्णकालिक सदस्य (Full Time Member), पदेन सदस्य (Ex-Officio Members), शासी परिषद् तथा विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल है।
- नीति आयोग का अध्यक्ष **प्रधानमंत्री** होता है।
- नीति आयोग के अध्यक्ष (प्रथम) **नरेन्द्र मोदी** है।
- नीति आयोग के **उपाध्यक्ष** की नियुक्ति प्रधानमंत्री करता है।
- उपाध्यक्ष को **कैबिनेट मंत्री** का दर्जा प्राप्त होता है।
- सीईओ भारत सरकार के **सचिव स्तर** के अधिकारी होते है जिसे निश्चित कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त किया जाता है।
- नीति आयोग के प्रथम उपाध्यक्ष **अरविन्द पानगड़िया** थे।
- नीति आयोग के प्रथम सीईओ **सिन्धुश्री खुल्लर** थे।
- पूर्णकालिक सदस्यों की संख्या 5 होती है जिन्हें **राज्य मंत्री** के बराबर दर्जा प्राप्त होता है।
- पदेन सदस्य की अधिकत्तम संख्या **चार** होती है जो प्रधानमंत्री द्वारा नामित होते है।
- शासी परिषद् (Governing Council) में भारत के **सभी मुख्यमंत्री और केन्द्र शासित प्रदेशों के राज्यपाल/प्रशासक** शामिल होते है।
- विशेष आमंत्रित सदस्य में **विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ** शामिल होते है जिन्हें प्रधानमंत्री द्वारा नामित किया जाता है।
- नीति आयोग के क्रियान्वयन का दायित्व **केन्द्र सरकार और राज्य सरकार** पर होता है।
- योजनाओं को अंतिम स्वीकृति **राष्ट्रीय विकास परिषद्** (NDC) देता है।

| वर्तमान स्थिति | |
|---|---|
| **अध्यक्ष** | **श्री नरेन्द्र मोदी** |
| उपाध्यक्ष | डॉ. राजीव कुमार |
| साईओ | श्री अमिताभ कांत |
| पूर्णकालिक सदस्य | रमेश चंद, बी. के. सारस्वत<br>डॉ. वी. के. पॉल |

## गुड्स एंड सर्विस टैक्स

- विश्व में जीएसटी सर्वप्रथम **फ्रांस** में 1954 में लागू हुआ।
- भारत में जीएसटी **1 जुलाई, 2017** (GST दिवस- 1 जुलाई) को लागू किया गया जो **कनाडा** देश के मॉडल पर आधारित है।
- **GST** का पूर्ण रूप - Goods & Service Tax (वस्तु एवं सेवा कर) है।
- GST के लिए **122वाँ संविधान संशोधन बिल** 2014 में संसद में प्रस्तुत किया गया था।
- GST विधेयक के पक्ष में कुल **336 वोट** तथा विपक्ष में कुल **11 वोट** पड़े थे।
- लोकसभा द्वारा GST बिल **3 अगस्त, 2016** को तथा राज्यसभा द्वारा GST बिल **8 अगस्त, 2016** को पास किया गया था।
- GST बिल पर राष्ट्रपति ने अपनी मंजूरी **8 सितम्बर, 2016** को दी थी।
- **101वाँ संविधान संशोधन** के तहत भारत में GST लागू किया गया।
- GST **अप्रत्यक्ष** एवं **गंतव्य** आधारित कर है।
- भारत में GST लागू करने का सुझाव **विजय केलकर समिति** ने दिया था।
- GST (मुख्यालय-दिल्ली) का ब्रांड एम्बेस्डर **अमिताभ बच्चन** है।
- GST लागू करने वाला भारत का प्रथम राज्य **असम** (12 अगस्त, 2016) तथा अंतिम राज्य **जम्मू-कश्मीर** (5 जुलाई, 2017) है।
- GST के अंतर्गत **17** अप्रत्यक्ष कर और **23** अधिभार को शामिल किया गया है।
- GST पंजीकरण संख्या में कुल **15 डिजिट** है।
- GST के अंतर्गत निर्धारित की गई दरें **चार प्रकार** की है - 5%, 12%, 18%, 28%
- संविधान में जीएसटी परिषद् को एक नये **अनुच्छेद-279A** में रखा गया है, और इसी में इसके गठन का प्रावधान दिया गया है।
- GST परिषद् की स्थापना **12 सितम्बर, 2016** को की गई थी।
- GST परिषद् का अध्यक्ष **वित्त मंत्री** होता है।
- GST परिषद् में सम्मिलित सदस्यों की कुल संख्या **33** है।
- GST परिषद् में राज्यों को **दो-तिहाई** तथा केन्द्र को **एक-तिहाई** वोट अधिकार दिया गया है।
- GST को **तीन भागों** में बाँटा गया है- CGST, SGST और IGST
- SGST का पूर्ण रूप है - State Goods & Service Tax
- CGST का पूर्ण रूप है - Central Goods & Service Tax
- IGST का पूर्ण रूप है - Integrated Goods & Service Tax
- IGST को संविधान के **अनुच्छेद-269A** में रखा गया है।
- SGST **राज्य सरकार** तथा CGST **केन्द्र सरकार** लगाती है।
- शराब, पेट्रोलियम वस्तुएँ, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को **GST से बाहर** रखा गया है।
- वार्षिक टर्नओवर **20 लाख** से ज्यादा है तो GST रजिस्ट्रेशन और भुगतान आवश्यक है। विशेष राज्यो में यह सीमा **10 लाख** रखी गई है।
- राज्यों को GST से होने वाले नुकसान की भरपाई केन्द्र द्वारा **5 वर्षों** तक की जाएगी।
- भारत GST लागू करने वाला 161वाँ देश है।
- सर्वप्रथम GST बिल का प्रारूप तैयार करने वाली समिति के अध्यक्ष **असीम दास गुप्ता** थे।



Scanned by CamScanner

# सरकारी योजनाएँ : पूर्ण परिचय

## नमामि गंगे योजना

- **नमामि गंगे योजना** की शुरूआत गंगा नदी के संरक्षण एवं शुद्धि के लिए **10 जुलाई, 2014** को की गई थी।
- इस योजना की देख-रेख जल संसाधन मंत्री **उमा भारती** काती है।
- इस योजना को **2020** तक पुरा करने का लक्ष्य है।
- इस योजना के तहत अगले 5 वर्ष के लिए **2037 करोड़ रुपये** आवंटित किए गए है।

## प्रधानमंत्री जन-धन योजना

- **प्रधानमंत्री जन-धन योजना** की शुरूआत 28 अगस्त, 2014 को की गई।
- इस योजना का नारा है **: मेरा खाता, भाग्य विधाता**
- इस योजना का मुख्य लक्ष्य **वंचित वर्गों** तक बैंक खाता, ऋण, बीमा, पेंशन की पहुँच सुनिश्चित करना एवं वित्तीय समावेशन है।
- **10 साल** की आयु वर्ग से अधिक का कोई भी व्यक्ति शून्य बैलेंस के साथ इस योजना के तहत एक बैंक खाता खोल सकता है।
- इस योजना के अंतर्गत **1 लाख रुपये** का दुर्घटना बीमा तथा **30,000 रुपये** का जीवन बीमा का प्रावधान है।
- 17 जनवरी, 2018 तक इस योजना के अंतर्गत **30.97 करोड़ खाते** खोले जा चुके है जिनमें **73689.72 करोड़ रूपये** की धनराशि जमा है।

## मेक इंन इंडिया

- **मेक इन इंडिया** की शुरूआत 25 सितम्बर, 2014 को की गई थी।
- इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य **बहु-राष्ट्रीय और राष्ट्रीय** कंपनियों को भारत में अपने उत्पादों के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करना तथा अर्थव्यवस्था के **25 क्षेत्रों** में रोजगार सृजन एवं कौशल वृद्धि पर ध्यान केन्द्रित करना है।
- इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य चालू वर्ष **2020** तक GDP में विनिर्माण क्षेत्र के हिस्सेदारी को 16% से बढ़ाकर 25% करना है।

## दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना

- **दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना** 25 सितम्बर, 2014 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के **98वें जन्म तिथि** पर शुरू की गई थी।
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में निवासित युवाओं की समावेशी विकास को हासिल करने के लिए **कौशल और उत्पादक क्षमता** को विकसित करना है।
- इस योजना का मुख्य लक्ष्य तीन सालों **15 से 35 वर्ष** की उम्र के अंतर्गत आनेवाले **10 लाख** ग्रामीण युवाओं को रोजगार वितरण करना है।
- इस योजना के लिए 1500 करोड़ रूपये का प्रारंभिक फंड आवंटित किया गया था।

## स्वच्छ भारत अभियान

- **स्वच्छ भारत अभियान** की शुरूआत 2 अक्टूबर, 2014 को की गई थी।
- इस योजना का मुख्य लक्ष्य **2 अक्टुबर, 2019** तक संपूर्ण भारत को स्वच्छ बनाना है।
- इस योजना का नारा है - **एक कदम स्वच्छता की ओर**
- स्वच्छ भारत मिशन को क्रमशः **शहरी विकास मंत्रालय** द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

## सांसद आदर्श ग्राम योजना

- **सांसद आदर्श ग्राम योजना** 11 अक्टूबर, 2014 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जयप्रकाश नारायण के जन्मदिन पर शुरू की गई एक योजना है।
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य गाँव के समाजिक, सांस्कृतिक और बुनियादी ढ़ाचें के विकास के आदर्श गाँवों में नामित मॉडल गाँवों का विकास है।
- इस योजना का लक्ष्य प्रत्येक सांसद द्वारा वर्ष 2019 तक **तीन गाँव** तथा वर्ष 2024 तक कुल **8 गाँवों** को गोद लेकर विकसित करना है।
- इस योजना के लिए कोई नई निधि आवंटित नहीं की गई है।

## मिशन इंद्रधनुष अभियान

- **मिशन इन्द्रधनुष अभियान** को भारत सरकार के केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी बच्चों को टिकाकरण के अंतर्गत लाने के लिए **सुशासन दिवस** के अवसर पर 25 दिसम्बर, 2014 को प्रारंभ किया था।
- इंद्रधनुष के **सात रंगों** को प्रदर्शित करने वाला इस अभियान का उद्देश्य **2020** तक संपूर्ण टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करना है।
- इस योजना के अंतर्गत **7 बीमारियों** (डिफ्थीरिया, काली खाँसी, टिटनेस, पोलियो, टीबी, खसरा और हेपेटाइटिस 'बी') के लिए टीकाकरण किया जाता है।

## पहल योजना

- **पहल योजना** को 1 जनवरी, 2015 को राष्ट्रव्यापी स्तर पर लागू किया गया था।
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य **एलपीजी (LGP) सिलेंडर** के सब्सिडी के पैसों को सीधे उपभेक्ताओं के बैंक खातों में भेजना है।
- यह योजना **गिनीज वर्ल्ड** में दर्ज किया गया है अर्थात् यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबसे प्रसिद्ध योजना है।
- इस योजना को **DBTL (Direct Benefit Transfer for LPG)** स्कीम के नाम से भी जाना जाता है।

## ह्रदय योजना

- **ह्रदय योजना** की शुरूआत 21 जनवरी, 2015 को भारत के पुराने शहर, गाँव के विकास और वृद्धि के लिए की गई है।



Scanned by CamScanner

- हृदय (HRIDAY) का पूर्णरूप है – Heritage City Development and Augmentation Yojana
- इस योजना को **शहरी विकास मंत्रालय** द्वारा आरंभ किया गया है।
- इस योजना का मुख्य लक्ष्य देश के चयनित **12 शहरों** (अजमेर, अमरावती (आंध्र प्रदेश), अमृतसर, बादामी, द्वारका, गया, कांचीपुरम, मथुरा, पुरी, वाराणसी, वेलान्कन्नी एवं वारंगल) की सांस्कृतिक धरोहर को फिर से जीवित करना है।
- इस योजना को पुरा करने के लिए **27 महीनों** (मार्च, 2017) का समय तथा 500 करोड़ रूपये खर्च करने का बजट रखा गया है।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना

- **'बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं' योजना** भारत सरकार द्वारा 22 जनवरी, 2015 को पानीपत (हरियाणा) से शुरू की गई थी।
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य **लड़कियों** को बचाने, सशक्त बनाने और लड़कियों के लिए कल्याणकारी सेवाओं के लिए जागरूकता पैदा करना है।
- इस योजना का मुख्य लक्ष्य **लैंगिक समानता** को बढ़ावा देना और **लिंगानुपात** को ऊपर उठाना है।
- यह योजना **100 करोड़** रूपये की प्रारंभिक राशि के साथ शुरू की गई थी।
- **माधुरी दीक्षित** को भारत सरकार द्वारा इस अभियान का ब्रांड एम्बेस्डर नियुक्त किया गया है।
- **साक्षी मलिक** को हरियाणा सरकार द्वारा इस अभियान का ब्रांड एम्बेस्डर नियुक्त किया गया है।

## प्रधानमंत्री 'मुद्रा' योजना

- **प्रधानमंत्री 'मुद्रा' योजना** की शुरूआत प्रधानमंत्री द्वारा 8 अप्रैल, 2015 को की गई थी।
- MUDRA का पूर्णरूप है : **Micro Units Development & Refinance Agency**
- इस योजना का उद्देश्य **सूक्ष्म उद्यमों** के क्षेत्र के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना एवं ऋण उपलब्ध कराना है।
- इस योजना के अंतर्गत तीन प्रकार के लोन दिए जाते है – **शिशु, किशोर तथा तरुण।**
- शिशु के तहत **50 हजार**, किशोर के तहत **5 लाख** तथा तरुण के तहत **10 लाख रुपए** तक के लोन देने का प्रावधान है।
- मुद्रा योजना के तहत लोन प्रदान करने में किसी भी तरह की **प्रोसेसिंग चार्ज नहीं की जाती है।**

## उजाला योजना

- **उजाला (UJALA) योजना** की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'बचत लैंप योजना' के स्थान पर 1 मई, 2015 को की गई थी।
- UJALA का पूर्णरूप है : **Unnat Jyoti by Affordable LEDs for All**
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य बिजली की खपत को कम करने के लिए **LED बल्बों** का कम मूल्य पर वितरण करना है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना

- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना** को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 मई, 2015 को कोलकाता से किया था।
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य सभी भारतीय नागरिकों को **आकस्मिक बीमा** कवर प्रदान करना है।
- इस योजना के तहत बचत बैंक खाते के साथ **18 से 70 वर्ष** आयु का कोई भी भारतीय नागरिक **12 रुपये प्रति वर्ष** का प्रीमियम भर कर 1 लाख से 2 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा का लाभ ले सकता है।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना

- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना** को 9 मई, 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था।
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य सभी भारतीय नागरिकों को **जीवन बीमा** कवर प्रदान करना है।
- इस योजना के तहत **18 से 50 वर्ष** आयु का कोई भी भारतीय नागरिक **330 रुपये प्रतिवर्ष** का प्रीमियम भरकर 2 लाख रुपये का जीवन बीमा का लाभ प्राप्त कर सकता है।

## अटल पेंशन योजना

- **अटल पेंशन योजना** की शुरूआत 9 मई, 2015 को कोलकाता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।
- इस योजना का मुख्य लक्ष्य **असंगठित क्षेत्र** के लोगों को पेंशन सुविधा प्रदान करना है।
- यह योजना **पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण** द्वारा प्रशासित है।
- इस योजना के अंतर्गत **18 से 40 वर्ष** की आयु वर्ग का कोई भी व्यक्ति अपने द्वारा बैंक में जामा किये गए रुपये के आधार पर **1 हजार से 5 हजार** तक का पेंशन प्राप्त कर सकता है।
- इस योजना के तहत, **60 वर्ष** की आयु के बाद योजना के लाभों का लाभ उठाने के लिए एक व्यक्ति को पेंशन मिलने से कम-से-कम **20 साल** पहले उसका योगदान करना होगा।

## अमरूत योजना

- **अमरूत योजना** की शुरूआत भारत सरकार द्वारा 24 जून, 2015 को की गई थी।
- AMRUT का पूर्ण रूप है : **Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation**
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य सभी विशेषकर गरीब और वंचित लोंगों के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए **बेबुनियादी सुविधाएँ** जैसे-जल आपूर्ति, सीवरेज, शहरी परिवहन, पार्क प्रदान करना है।
- इस योजना के अंतर्गत **100 स्मार्ट सिटी** बनाने, 500 शहरों में आधारभूत सुविधाओं का विकास करने और **2022 तक** शहरी इलाकों में सभी के लिए घर बनाने की योजना शामिल है।
- इस योजना के लिए सरकार द्वारा **5000 करोड़ रूपये** का बजट रखा गया है।

## स्मार्ट सिटी योजना

- **स्मार्ट सिटी योजना** की शुरूआत 25 जून, 2015 को की गई थी।
- इस योजना का उद्देश्य **2020 तक 161 चुने शहरों (पूर्व में 100)** को स्मार्ट शहर के रूप में विकसित करना है।



Scanned by CamScanner

## प्रधानमंत्री आवास योजना

- **प्रधानमंत्री आवास योजना** की शुरूआत 25 जून, 2015 को की गई थी।
- इस योजना को 'हाउसिंग फॉर ऑल' (सबके लिए आवास) के नाम से भी जाना जाता है।
- इस योजना का लक्ष्य **2022** तक 2 करोड़ नये हाउस का निर्माण करना है।

## डिजिटल इंडिया मिशन

- **डिजिटल इंडिया मिशन** की शुरूआत 1 जुलाई, 2015 को की गई थी।
- इस योजना का उद्देश्य सभी सरकारी सेवाओं को **इलेक्ट्रॉनिक तरीके** से जनता को उपलब्ध कराना है।

## प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना

- **प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना** की शुरूआत 1 जुलाई, 2015 को की गई थी।
- इस योजना का उद्देश्य किसी भी तरीके से किसानों को पानी उपलब्ध कराना है।
- इस योजना का लक्ष्य **2020** तक किसानों की आय को दुगुना करना है।

## स्कील इंडिया मिशन

- **स्कील इंडिया मिशन** की शुरूआत 15 जुलाई, 2015 को की गई।
- इस योजना का उद्देश्य **2022** तक देश के युवाओं का **कौशल विकास** करना है।
- इस योजना के ब्रांड एम्बेसडर **सचिन तेंदुलकर** है।

## प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना

- **प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना** की शुरूआत 16 जुलाई, 2015 को की गई थी।
- इस योजना का उद्देश्य युवाओं को **प्रशिक्षित** कर नौकरी मुहैया कराना है।

## दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना

- **दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना** की शुरूआत 25 जुलाई, 2015 को की गई थी।
- इस योजना का **मुख्य लक्ष्य** सभी गाँवों का विद्युतीकरण करना, वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति में सुधार एवं उचित मॉनिटरिंग करना है।

## सागरमाला प्रोजेक्ट

- **सागरमाला प्रोजेक्ट** की शुरूआत 31 जुलाई, 2015 को की गई थी।
- इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत **12 बंदरगाहों** को विश्व स्तरीय करने के लिए **7000 करोड़ रुपए** का बजट रखा गया है।

## उदय योजना

- **उदय** योजना की शुरूआत 5 नवम्बर, 2015 को की गई थी।
- उदय (UDAY) का पूर्णरूप Ujwal Discom Assurance Yojana है।
- इस योजना का **मुख्य लक्ष्य** बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) का वित्तीय सुधार एवं घाटों से उबारना है।
- इस योजना से जुड़ने वाला पहला राज्य **झारखंड** है।

## स्टार्ट-अप इंडिया

- **स्टार्ट-अप-इंडिया** की शुरूआत 16 जनवरी, 2016 को की गई।
- इसका मुख्य उद्देश्य नये कारोबारियों को बढ़ावा देना तथा कारोबार शुरू करने के लिए अनुकूल वातरवरण का सृजन करना है।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन

- **श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन** की शुरूआत 22 फरवरी, 2016 को की गई थी।
- इस मिशन का मुख्य लक्ष्य **3 वर्ष** में पूरे देश में स्थानीय आर्थिक विकास प्रोत्साहन हेतु **300 ग्रामीण कलस्तरों** (समूहों) का निर्माण करना है।

## सेतु भारतम् योजना

- **सेतु भारतम् योजना** की शुरूआत 4 मार्च, 2016 को की गई थी।
- इस योजना का मुख्य लक्ष्य **2019 तक** सभी राष्ट्रीय राजमार्गों को रेलवे क्रॉसिंग से मुक्त करना है।
- इस योजना के लिए कुल 1500 ब्रीज बनाने के लिए **50000 करोड़** रुपए का बजट रखा गया है।

## स्टैण्ड अप इंडिया

- **स्टैण्ड अप इंडिया** की शुरूआत 5 अप्रैल, 2016 को की गई थी।
- इस योजना का लक्ष्य अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिला उद्यमियों को साख उपलब्ध कराना है।
- इस योजना के अंतर्गत नई कंपनियाँ स्थापित करने हेतु **10 लाख से 1 करोड़ तक** का ऋण देना सुनिचित किया गया है।

## ग्राम उदय से भारत उदय

- **ग्राम उदय से भारत उदय** अभियान की शुरूआत महु में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयंती पर **14 से 24 अप्रैल, 2016** तक चलाई गई।
- इस योजना के अंतर्गत देश में सही विकास के लिए **गाँवों के विकास** पर बल दिया गया था।

## प्रधानमंत्री उज्जवला योजना

- **प्रधानमंत्री उज्जवला योजना** की शुरूआत 1 मई, 2016 को की गई थी।
- इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के BPL परिवारों को मुफ्त **LPG कनेक्शन** देना है।
- इस योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा BPL परिवारों को प्रति कनेक्शन **1600 रुपये** की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।
- इस योजना का बजट **8000 करोड़ रुपये** रखा गया है।

## दीक्षा पोर्टल

- **दीक्षा पोर्टल** की शुरूआत 5 सितम्बर, 2017 को **मानव संसाधन विकास मंत्रालय** द्वारा शुरू किया गया था।
- यह पोर्टल (diksha.gov.in) शिक्षक को ट्रेनिंग देने और सशक्त बनाने में सहायक है।



Scanned by CamScanner

## प्रधानमंत्री उज्जवला योजना

- **प्रधानमंत्री उज्जवला योजना** की शुरूआत 1 मई, 2016 को की गई थी।
- इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के BPL परिवारों को मुफ्त **LPG कनेक्शन** देना है।
- इस योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा BPL परिवारों को प्रति कनेक्शन **1600 रुपये** की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।
- इस योजना का बजट **8000 करोड़ रुपये** रखा गया है।

## वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना

- इस योजना की शुरूआत **1 जनवरी, 2017** को प्रधानमंत्री द्वारा घोषित एवं 1 अप्रैल, 2017 को भारतीय जीवन निगम (LIC) द्वारा शुरू की गई।
- इस योजना का उद्देश्य 60 वर्ष और इससे अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों को **गारंटी न्यूनत्तम ब्याज दर** देना है।
- यह गारंटीकृत ब्याज दर 10 वर्षों के लिए **8%** होगी।

## दीन दयाल उपाध्याय 'स्पर्श' योजना

- स्पर्श (SPARSH - Scholarship for Promotion of Aptitude & Research in Stamps as a Hobby) योजना की शुरूआत **3 नवम्बर, 2017** को स्कूली बच्चों (6ठी से 9वीं क्लास) की **डाक टिकट संग्रह** में रूची बढ़ाने के उद्देश्य से आरंभ की गई एक छात्रवृत्ति योजना है।
- इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक कक्षा (6 से 9 तक) में से 10 छात्रों अर्थात् अधिकत्तम **40 छात्रों** को कुल 6000 रुपया प्रति वर्ष अर्थात् **500 रुपया प्रतिमाह** छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी।

## प्रधानमंत्री वय वंदना योजना

- योजना की शुरूआत **21 जुलाई, 2017** को वित्त मंत्री अरुण जेटली ने की।
- **60 या उससे अधिक आयु वर्ग** के लिए यह एक पेंशन योजना है।
- इस योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिको को मासिक पेंशन विकल्प चुनने पर **10 वर्षों हेतु 8 प्रतिशत** की गारंटीशुदा रिटर्न मिलेगा।

## प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना - सौभाग्य

- सौभाग्य योजना की शुरूआत **25 सितम्बर, 2017** को की गई।
- इस योजना का पुरा नाम **'प्रधानमंत्री सहज बिजल हर घर योजना'** है।
- इस योजना के तहत **31 मार्च, 2019** तक हर घर में बिजली पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के तहत सिर्फ **500 रूपये** के भुगतान पर अन्य घरों को भी विद्युत कनेक्शन मुहैया कराए जाएंगे।

## प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना -आयुष्मान भारत

- इस योजना की शुरूआत **23 सितम्बर, 2018** को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा झारखंड की राजधानी **राँची** से की गई।
- इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों **(बीपीएल धारक)** को स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराना है। इसके अंतर्गत आने वाले प्रत्येक परिवार को **5 लाख** तक का कैश रहित स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जायेगा।
- इस योजना से **10.74 करोड़** बीपीएल धारकों को फायदा होगा।
- इस योजना में **1350 तरह की बीमारी** जिसमें जाँच, सर्जरी, मेडिसिन शामिल है।

## प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना

- इस योजना की शुरूआत **5 मार्च, 2019** को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा **वस्त्रल (गुजरात)** से की गई।
- इस योजना में असंगठित क्षेत्र के श्रामिकों को वृद्धावस्था के दौरान **3000 रूपये** की मासिक पेंशन का लाभ मिलेगा। यदि पेंशन प्राप्ति के दौरान अभिदाता की मृत्यु हो जाती है तो लाभार्थी को मिलने वाली पेंशन की **50 प्रतिशत** राशि फैमिली पेंशन के रूप में लाभार्थी के जीवनसाथी को मिलेगी।
- इस योजना के पात्र **18-40 वर्ष आयु** समूह के घर से काम करने वाले श्रमिक, स्ट्रीट वेण्डर, मिड डे मिल श्रमिक, ईंट भट्टा मजदूर, सिर पर बोझा ढ़ोने वाले श्रमिक, कचरा उठाने वाले, निर्माण मजदूर, घरेलू कामगार, धोबी, रिक्शा चालक, भूमिहीन मजदूर, हथकरघा मजदूर आदि ऐसे श्रमिक होंगे जिनकी मासिक आय **15000 रूपया** या उससे कम है।

## प्रधानमंत्री किसान मान-धन योजना

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने **12 सितम्बर, 2019** को राँची (झारखंड) में प्रधानमंत्री किसान मान-धन योजना का शुभारंभ किया।
- इस योजना के तहत छोटे और सीमांत किसानों को 60 वर्ष की आयु होने पर न्यूनत्तम रूपया **3000 प्रति माह पेंशन** उपलब्ध कराई जाएगी।
- इस योजना में **18 से 40 वर्ष** तक की आयु वर्ग वाले किसानों को ही शामिल किया जायेगा जिनके पास 2 हेक्टेयर तक ही खेती की जमीन है।
- इस योजना का लाभ उठाने के लिए कम से कम 20 साल और अधिकत्तम 42 साल तक **55 रूपये से 200 रूपये** तक मासिक अंशदान करना होगा।
- इस योजना से **5 करोड़** लघु और सीमांत किसानों का जीवन सुरक्षित होगा।
- इस योजना का कुल बजट **10 हजार करोड़ रूपये** का है।

### बजट 2018-19 में योजनाओं के लिए आवंटित राशि

| योजना | राशि (करोड़ रूपये) |
|---|---|
| मनरेगा - | 55000 |
| प्रधानमंत्री आवास योजना - | 27505 |
| अटल पेंशल योजना - | 155 |
| प्रधानमंत्री मुद्रा योजना - | 500 |
| प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना 'सौभग्य' - | 3700 |
| श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन - | 1200 |
| राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन - | 7000 |
| प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना - | 3825 |
| प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना - | 19000 |
| राष्ट्रीय शिक्षा मिशन - | 32613 |
| स्मार्ट सिटी मिशन - | 6169 |
| स्कूलों में मध्याह्न भोजन का राष्ट्रीय कार्यक्रम - | 10500 |
| राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन - | 30634 |
| स्वच्छ भारत मिशन - | 17843 |
| राष्ट्रीय आजीविका मिशन - | 6060 |
| राष्ट्रीय स्वच्छता बीमा योजना - | 2000 |



Scanned by CamScanner

# विभिन्न रिपोर्ट/सूचकांक : 2017-19

| रिपोर्ट/सूचकांक | जारीकर्ता संस्था/संगठन | सम्मलित देश | शीर्ष देश/शहर | भारत का स्थान/रैंक |
|---|---|---|---|---|
| • ग्लोबल हेल्थ सिक्योरिटी इण्डेक्स 2019 | JHCHS, NTI, EIU | 195 | अमेरिका | 57 |
| • वैश्विक भूख (हंगर) सूचकांक 2019 | वेल्थुंगरहिल्फ (जर्मन संस्था) | 117 | बेलारूस | 102 (2018 में 103) |
| • ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग 2019 | विश्व बैंक | 190 | न्यूजीलैंड | 63 (2018 में 77) |
| • वैश्विक प्रतिस्पर्धा सूचकांक 2019 | विश्व आर्थिक मंच | 141 | सिंगापुर | 68 वाँ (2018 में 58) |
| • विश्व डिजिटल प्रतिस्पर्धात्मकता रैकिंग 2019 | आईएमडी | – | अमेरिका | 44 वाँ |
| • ग्लोबल हैप्पीनेस सर्वे 2019 | मार्केट रिसर्च फर्म इप्सोस | 28 | ऑस्ट्रेलिया-कनाडा | 9 वाँ |
| • विश्व यात्रा-पर्यटन प्रतिस्पर्धा सूचकांक 2019 | विश्व आर्थिक मंच | 140 | स्पेन | 34 (2017 में 40) |
| • वैश्विक नवाचार सूचकांक 2019 | इनसीड | 129 | स्विट्जरलैंड | 52 (2018 में 57) |
| • हैनली पासपोर्ट सूचकांक 2019 | हैनली एण्ड पार्टनर्स | 189 | जापान, सिंगापुर | 86 (2018 में 79) |
| • सतत विकास लक्ष्य लैंगिक सूचकांक 2019 | ब्रिटेन की इक्वल मेजर्स 2030 | 129 | डेनमार्क | 95 वाँ (2017 में 137) |
| • वैश्विक शांति सूचकांक 2019 | इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिकस एंड पीस | 163 | आईसलैंड | 141 (2018 में 136) |
| • किड्स राइट इंडेक्स 2019 | किड्स राइट फाउंडेशन | 181 | आइसलैंड | 117 वाँ |
| • ग्लोबल क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स 2019 | जर्मन वाच | .... | आइसलैंड | 14 वाँ |
| • वर्ल्ड प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2019 | रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (फ्रांस) | 180 | नार्वे | 140 (2018 में 136) |
| • विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2019 | सं. राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क | 156 | फिनलैंड | 140 (2018 में 133) |
| • वैश्विक ऊर्जा संक्रमण सूचकांक 2019 | विश्व आर्थिक मंच | 115 | स्वीडन | 76 (2018 में 78) |
| • इन्कलूसिव इंटरनेट इंडेक्स 2019 | इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट | 100 | स्वीडन | 47 वाँ |
| • अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक 2019 | वैश्विक बौद्धिक संपदा केन्द्र | 50 | अमेरिका | 36 (2018 में 44) |
| • ब्लूमबर्ग नवाचार सूचकांक 2019 | बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप | 60 | दक्षिण कोरिया | 54 वाँ |
| • वैश्विक भ्रष्टाचार सूचकांक 2018 | ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल | 180 | डेनमार्क | 78 (2017 में 81) |
| • वैश्विक प्रतिभा प्रतिस्पर्द्धा सूचकांक 2019 | इनसीड बिजनेस स्कूल | 119 | स्विट्जरलैंड | 80 (2018 में 81) |
| • वैश्विक लोकतंत्र सूचकांक 2019 | इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट | 167 | नार्वे | 41 (2018 में 42) |
| • ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स 2018 | विश्व आर्थिक मंच | 149 | आइसलैंड | 108 (2017 में 108) |
| • वैश्विक समृद्धि सूचकांक 2018 | लेगाटम इंस्टीट्यूट | 149 | नार्वे | 94 (2013 में 113) |
| • जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 2019 | जर्मन वाच एंड क्लाइमेट एक्शन, यूरोप | 56 | स्वीडन | 11 (2018 में 14) |
| • जलवायु जोखिम सूचकांक 2019 | जर्मन वाच | - | प्यूर्टो रिको | 14 वाँ |
| • मानव पूँजी सूचकांक 2018 | विश्व बैंक | 157 | सिंगापुर | 115 (2017 में 103) |
| • मानव विकास सूचकांक 2018 | संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम | 189 | नार्वे | 130 (2016 में 131) |
| • जीवन सुगमता सूचकांक 2018 | आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय | 111 | पुणे | - |
| • ग्लोबल कनेक्टिविटी सूचकांक 2018 | चीनी कंपनी हुआवेई | 80 | अमेरिका | 64 (2017 में 43) |
| • प्रत्यक्ष विदेशी निवेश विश्वास सूचकांक | वैश्विक परामर्श फर्म एटी कीर्ने | 25 | अमेरिका | 11 (2017 में 8) |
| • आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक 2018 | हेरिटेज फाउंडेशन एवं वाल स्ट्रीज जर्नल | 186 | हांगकांग | 130 (2017 में 143) |
| • पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक 2018 | विश्व आर्थिक मंच | 180 | स्विट्जरलैंड | 177 (2016 में 141) |



Scanned by CamScanner

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## मिशन चंद्रयान-2 : महत्वपूर्ण तथ्य

- **चंद्रयान-2** (कुल वजन-3.8 टन) **22 जुलाई, 2019** को आंध्र-प्रदेश के **श्री हरिकोटा** के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (मुख्यालय-बेंगलुरू, कर्नाटक) द्वारा भारत की सबसे शक्तिशाली 640 टन के बाहुबली रॉकेट **GSLV मार्क-3** द्वारा लॉन्च किया गया, जिसकी लैंडिंग 48 दिनों के बाद **7 सितम्बर, 2019** (चंद्रमा के कक्षा में प्रवेश-**20 अगस्त, 2019**) को होना था लेकिन चंद्रमा पर पहुँचने से 2.1 किमी. पहले इसरो से संपर्क टूटा गया था।
- इस मिशन के साथ ही भारत **रूस, अमेरिका और चीन** के बाद चंद्रमा की सतह पर पहुँचने वाला **चौथा** तथा चंद्रमा के **दक्षिणी ध्रुव** पर पहुँचने वाला **पहला** देश बन गया।
- इस मिशन का **मुख्य उद्देश्य** चंद्रमा की सतह का नक्शा तैयार करना, खनिज पदार्थों की जाँच करना तथा पानी की उपस्थिति का पता लगाना था।
- इस मिशन में रॉकेट में इस्तेमाल किया गया ईंधन **UDMH** था।
- चंद्रयान-2 के महतवपूर्ण तीन हिस्से थे – **ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर।**
- **'लैंडर'** को **विक्रम** तथा 'रोवर' को **प्रज्ञान** नाम दिया गया था।
- इस मिशन की कुल लागत **978 करोड़ रूपये** था।
- इस मिशन के महिला प्रोजेक्ट डायरेक्टर **एम. वनीता एवं रितू करिधल** थी।
- वर्तमान में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष **के. सिवन** है।
- चंद्रयान मिशन-1 को **22 अक्टूबर, 2008** को PSLV-C11 द्वारा लॉन्च किया गया था।

- **शनि ग्रह के 20 नए चंद्रमा की खोज :** अमेरिकी शोधकर्त्ताओं ने शनि ग्रह के चारों ओर **20 नये चंद्रमाओं** की खोज की है जिससे इसके चंद्रमा की कुल संख्या **82** हो गयी है। अब यह सौरमंडल के किसी भी ग्रह के चंद्रमा के लिए **सबसे अधिक** संख्या है।
- **पंडित जसराज के नाम पर क्षुद्रग्रह का नामकरण :** इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन ने वर्ष 2006 में खोजे गए एक क्षुद्रग्रह का नाम भारतीय शास्त्रीय गायक **पंडित जसराज** के नाम पर रखा है। इस क्षुद्रग्रह को 11 नवम्बर, 2006 को खोजा गया था और VP 32 (नम्बर 300128) नाम दिया गया था।
- **नासा ने खोजा पहला 'सुपर अर्थ' :** नासा ने 5 अगस्त, 2019 को पृथ्वी से 31 प्रकाश वर्ष दूरी पर **GJ357D** नामक 'सुपर अर्थ' को खोजा है। यह आकार में पृथ्वी से बड़ा और हमारे सौरमंडल के बाहर मिला है।
- **विश्व के सबसे बड़े एयरप्लेन की पहली उड़ान :** विश्व के सबसे बड़े विमान **स्ट्रैटोलॉन्च** (Stratolaunch) ने 13 अप्रैल, 2019 को कैलिफोर्निया (USA) स्थित **मोजावे रेगिस्तान** के ऊपर अपनी पहली उड़ान भरी।
- **विश्व की पहली मलेरिया वैक्सिन :** अफ्रीकी देश **'मलावी'** में 23 अप्रैल 2019 को विश्व का पहला मलेरिया का टीका **RTS,S** लॉन्च किया गया। इसे GSK द्वारा विकसित किया गया है।
- **TESS ने खोजा पृथ्वी के आकार का ग्रह :** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी NASA के उपग्रह-खोजी यान 'ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट (TESS)' ने पृथ्वी के आकार का एक नया बर्हिग्रह खोजा है। इस ग्रह को **HD21749c** नाम दिया गया है।
- **बोगीबील पुल :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने **25 दिसम्बर, 2018** को असम में **ब्रह्मपुत्र नदी** पर देश का सबसे लंबा 'रेल-सड़क पुल' **बोगीबील पुल** का उद्घाटन किया। **4.9 किलोमीटर** लंबा बोगीबील पुल **असम और अरूणाचल प्रदेश** के दो पूर्वोत्तर राज्यों को जोड़ेगा।
- **विश्व के नए मानचित्र का अनावरण :** वैज्ञानिकों ने 13 अगस्त, 2018 को विश्व के एक नए नक्शे का अनावरण किया जो महाद्वीपों का आकार अधिक सटिक रूप से दिखाता है। इसे **इक्वल अर्थ** नाम दिया गया है।
- **निपाह वायरस :** हाल ही केरल राज्य के कोझिकोड जनपद में **'निपाह'** नामक वायरस से 12 लोगों की मृत्यु हो गई। निपाह वायरस **जूनोसिस श्रेणी** की बीमारी है, जिसका संबंध **हेंड्रा वायरस** से है जो **घोड़ों एवं मनुष्यों** के वायरल इन्फेक्शन (संक्रमण) से होता है। यह वायरस **फ्रूट बैट्स (चमगादड़)** के माध्यम से मनुष्यों एवं जानवरों में फैलता है। इस वायरस से होने वाले संक्रमण का पता **1998 ई.** में मलेशिया में शोध कर रहे **डॉ. बिंग चुआ** ने लगाया था। सर्वप्रथम इस वायरस से संक्रमण का मामला **मलेशिया के कापुंग सुंगई निफा गांव** में आया था।

## स्टैच्यू ऑफ यूनिटी

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर, 2018 को गुजरात के नर्मदा जिले में **सरदार वल्लभभाई पटेल** (143वीं जयंती पर) की 182 मीटर (597 फीट) ऊँचाई वाली दूनिया की सबसे ऊँची मूर्ति का अनावरण किया।
- **स्थान** – साधू बेट द्वीप, सरदार सरोबर बाँध के निकट, गरूड़ेश्वर बाँध, नर्मदा जिला, गुजरात, भारत
- **आधार के साथ कुल ऊँचाई** – 240 मी. (787.40 फीट)
- **शिल्पकार** – राम वी. सुतार ■ **निर्माण कंपनी** – एल एंड टी
- **कुल लागत** – 2400 करोड़ (अतिरिक्त 650 करोड़ रख-रखाव पर)

- **विश्व का सबसे छोटा कम्प्यूटर :** मिशिगन युनिवर्सिटी (यूएसए) के शोधकर्ताओं ने विश्व का सबसे छोटा कम्प्यूटर **'मिशिगन माइक्रो मोट'** विकसित किया है। 'मिशिगन माइक्रो मोट' का आकार **0.3 मिमी** है।
- **रैनसमवेयर (Ransomeware) : रैनसमवेयर** वस्तुत: ऐसा द्वेषपूर्ण (Malicious) सॉफ्टवेयर या **मालवेयर** (Malware) होता है जो किसी कम्प्यूटर प्रणाली या डाटा तक पहुँच को ब्लॉक करने हेतु डिजाइन किया जाता है तथा इसके द्वारा सिस्टम/डाटा तक पहुँच बाधित होने पर प्रयोक्ता के पास इस ब्लॉक को हटाने के बदले फिरौती की मांग का मैसेज आता है।



Scanned by CamScanner